संपादकीय

भारत के लिए शर्मनाक

आखिर भारतीय फुटबॉल संघ में ऐसी स्थिति पैदा क्यों हुई, जिससे मामला अदालत तक गया? और फिर क्या सुप्रीम कोर्ट ने बिना फीफा के नियमों और कायदों पर गौर किए अपना फैसला सुना दिया?

भारत की एक अदालत के आदेश से नाराज फीफा ने भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) को निलबित कर दिया है। अक्टूबर में अंडर-17 महिला विश्व कप से पहले यह निलंबन भारत के लिए बड़ा झटका है। अब अधिक संभावना यही है कि इस आयोजना को टालना पड़ेगा। सवाल है कि आखिर भारतीय फुटबॉल संघ में ऐसी स्थिति पैदा क्यों हुई, जिससे मामला अदालत तक गया? और फिर क्या सुप्रीम कोर्ट ने बिना फीफा के नियमों और कायदों पर गौर किए अपना फैसला सुना दिया? फुटबॉल संघों की अंतरराष्ट्रीय संस्था फीफा ने 'तीसरे पक्ष के गैरवाजिब प्रभाव' के कारण भारतीय संघ की सदस्यता निलबित की है। फीफा ने कहा है कि भारत में 11 से 30 अक्टूबर तक अंडर-17 महिला विश्व कप प्रतियोगिता होनी है। लेकिन निलबित देश में प्रतियोगिता नहीं हो सकती। स्पष्टत: भारत के लिए एक बहुत बड़ा झटका है। फीफा के बयान के मुताबिक वह टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में अगले कदमों पर विचार कर रहा है और जरूरत पड़ने पर मामले को ब्यूरो ऑफ काउंसिल को सौंपा जाएगा।

भारत में फुटबॉल के प्रबंधन और आयोजन के लिए एआईएफएफ जिम्मेदार है। उस पर प्रतिबंध लग गया था। सुप्रीम कोर्ट ने मई में उसे हटा दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने तीन सदस्यों की एक समिति को खेल के प्रबंधन के लिए नियुक्त किया था। इस समिति को संघ के सविधान में संशोधन करके 18 महीने से लबित पड़े चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसकी प्रतिक्रिया में फीफा और एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने अपना एक दल भेजा था। यह दल भारत में फुटबॉल से जुड़े सभी पक्षधरों से बात करके सविधान में संशोधन की प्रक्रिया की देखरेख कर रहा था। इस दल ने एक रोडमैप बनाया था जिसके तहत जुलाई के आखिर तक सविधान में संशोधन कर 15 सितंबर से पहले चुनाव खत्म करा लेने की समयसीमा तय की गई थी। लेकिन इस महीने की शुरुआत में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश जारी किया कि तुरंत चुनाव कराए जाएं। कोर्ट ने कहा कि चुनी गई तीन सदस्यों की समिति अंतरिम रूप से तीन महीने के लिए कार्यभार संभालेगी। फीफा ने इसे स्वीकार नहीं किया। अब मामला उलझ गया है।

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप: प्रणीत हारे, अश्विनी-सिक्की, तनीषा-ईशान जीते

तोक्यो। बी साई प्रणीत विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दिन सोमवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार गए जबकि भारतीय खिलाडिय़ों ने महिला युगल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियनशिप में 2019 के कांस्य पदक विजेता प्रणीत ने चीनी ताइपे के विश्व में नंबर चार खिलाड़ी चो टिएन चेन को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में उन्हें 15-21, 21-15, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत ने तोक्यो में लगातार दूसरे साल निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह पिछले साल ओलंपिक खेलों के दौरान भी शुरू में बाहर हो गए थे। इस बीच राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी ने मालदीव की अमीनाथ नबीहा अब्दुल रज्जाक और फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को 21-7, 21-9 से हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। प्रणीत ने तोक्यो में लगातार दूसरे साल निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह पिछले साल ओलंपिक खेलों के दौरान भी शुरू में बाहर हो गए थे। इस बीच राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी ने मालदीव की अमीनाथ नबीहा अब्दुल रज्जाक और फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को 21-7, 21-9 से हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

कैरोलिना गार्शिया, बोर्ना कोरिच ने सिनसिनाटी खिताब जीते

मेसन। कैरोलिना गार्शिया और बोर्ना कोरिच ने अमेरिकी ओपन से पहले अपनी तैयारियां पुख्ता करते हुए वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन चैम्पियनशिप में क्रमश: महिला और पुरूष वर्ग के खिताब जीत लिये। गार्शिया ने पेत्रा क्वितोवा को 6 . 2, 6 . 4 से मात दी। वहीं कोरिच ने पांचवीं रैंकिंग वाले यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास को 7 . 6, 6 . 2 से हराया। क्रोएशिया के कोरिच को इस जीत के बाद अमेरिकी ओपन से पहले रैंकिंग में 29वां स्थान मिलने की उम्मीद है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 152वीं पायदान पर थे। उन्होंने रफेल नडाल समेत शीर्ष दस में शामिल चार खिलाडिय़ों को हराया।महिला फाइनल में गार्शिया खिताबी मुकाबले तक पहुंचने वाली पहली क्वालीफायर बन चुकी थी। वह जून से अब तक 27 मैच जीत चुकी हैं।

भारत-ए की कप्तानी के लिये पांचाल, विहारी का नाम आगे

मुंबई। गुजरात रणजी टीम के अनुभवी खिलाड़ी प्रियांक पांचाल सितंबर में भारत आने वाली न्यूज़ीलैंड-ए टीम के खिलाफ भारत-ए की अगुवाई कर सकते हैं। क्रिकबज़ ने जारी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत-ए की कप्तानी कर चुके पांचाल को एक बार फिर यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

क्रिकबज़ ने सूत्रों के हवाले से कहा कि यदि पांचाल किसी कारण शृंखला में हिस्सा नहीं ले पाते तो हनुमा विहारी टीम की कप्तानी करेंगे। पांचाल इस समय बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं।

उल्लेखनीय है कि न्यूज़ीलैंड-ए टीम सितंबर में भारत का दौरा करेगी। यहां वह बेंगलुरु में तीन चार-दिवसीय मैच, और चेन्नई में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। न्यूज़ीलैंड-ए इससे पहले 2017 में भारत आयी थी। क्रिकबज़ ने कहा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई खिलाडिय़ों को भी टीम में शामिल किया जा सकता है, लेकिन टीम कुलदीप यादव जैसे खिलाडिय़ों को भी मौका देना चाहेगी, जो लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं।

ग्लेनमार्क, स्ट्राइड्स फार्मा, सिप्ला ने अमेरिका में उत्पादों को वापस लिया

नईदिल्ली। दवा कंपनियां ग्लेनमार्क, स्ट्राइड्स फार्मा और सिप्ला विनिर्माण से जुड़े मुद्दों के कारण अमेरिका में अपने उत्पादों को वापस ले रही हैं।

गौरतलब है कि अमेरिका दवाओं के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन द्वारा जारी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट के अनुसार न्यूजर्सी स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स इंक पैकेजिंग की समस्या के कारण रक्तचाप कम करने वाली 72,000 से अधिक इकाइयों को वापस ले रही है।

इन दवाओं को ग्लेनमार्क के पीथमपुर स्थित विनिर्माण संयंत्र में बनाया गया था।

एक अलग सूचना में अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि बेंगलुरु स्थित स्ट्राइड्स फार्मा साइंस की एक इकाई प्रेडनिसोन टैबलेट की 1,032 बोतलों को वापस ले रही है। इस दवा का इस्तेमाल अस्थमा, एलर्जी और गठिया जैसे रोगों के इलाज में किया जाता है।

यूएसएफडीए के अनुसार घरेलू दवा कंपनी सिप्ला अमेरिकी बाजार में डिफ्लुप्रेडनेट ऑप्थेलमिक इमल्शन की 7,992 बोतलें वापस मंगा रही है। इस दवा का इस्तेमाल आंखों की सर्जरी के बाद सूजन और दर्द के इलाज के लिए किया जाता है।

कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को हटाने के लिए क्रिकेट आस्ट्रेलिया से बात करना चाहते हैं वॉर्नर

सिडनी। डेविड वॉर्नर ने कहा कि वह उन पर लगे कप्तानी के आजीवन प्रतिबंध को हटाने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ के मामले के बाद तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई थी और उन पर दो साल तक ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व नहीं करने का प्रतिबंध लगाया गया था।

दूसरी तरफ वॉर्नर को और कड़ी सजा दी गई और उन्हें कप्तानी से आजीवन प्रतिबंधित कर दिया गया था।वर्तमान टेस्ट कप्तान पैट कमिंस सहित कई पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी वॉर्नर पर लगे आजीवन प्रतिबंध को खत्म करने की अपील कर चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार वॉर्नर ने कहा, इस मामले में कभी बातचीत हुई ही नहीं। मैं कई बार कह चुका हूं कि अब बोर्ड पर निर्भर है कि वह इस मामले में मुझसे बातचीत करे। बोर्ड अपने दरवाजे खोले और तब मैं उनके साथ बैठकर इस मामले पर बातचीत कर सकता हूं।

वॉर्नर, स्मिथ और कैमरन बैनक्रॉफ्ट को गेंद से छेड़छाड़ के मामले में उनकी भूमिका को लेकर कुछ समय के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से प्रतिबंधित कर दिया गया था।वॉर्नर और स्मिथ पर एक साल का प्रतिबंध लगा था जबकि बैनक्रॉफ्ट को नौ महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

सोयाबीन तेल के भाव में सुधार, बाकी तेल तिलहन पूर्ववत रहे

नईदिल्ली। शिकागो एक्सचेंज के लगभग आधा प्रतिशत मजबूती के साथ बंद होने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिला जबकि आयात भाव के मुकाबले सोयाबीन का स्थानीय भाव कम होने से सोयाबीन तिलहन के भाव पूर्व-स्तर पर बने रहे। पामोलीन तेल के भाव टूटने के बीच बाकी लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतें पिछले स्तर पर बंद हुईं।

बाजार के जानकार सूत्रों ने बताया कि सोयाबीन डीगम तेल का आयात कहीं महंगा बैठता है और इस तेल का स्थानीय भाव भी कमजोर होने से इसके आयात में नुकसान है। पामोलीन तेल का भाव इतना कम है कि इसके आगे कोई खाद्यतेल नहीं टिकेगा। पामोलीन इसी तरह सस्ता बना रहा तो अगले लगभग सवा महीने बाद आने वाली सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला की फसल की खपत को लेकर दिक्कत आ सकती है। सूत्रों ने कहा कि ऐसा होने पर सरकार को घरेलू किसानों के हित साधने के लिए समुचित कदम उठाने होंगे।

सूत्रों के मुताबिक, विदेशों में खाद्य तेलों के भाव टूट गये हैं और सरकार ने आयात शुल्क में भी ढील दे रखी है। इसके बावजूद कीमतों में हुई टूट के मुकाबले उपभोक्ताओं को उसका 25-30 प्रतिशत भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण खुदरा कारोबार में अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जरुरत से कहीं ज्यादा रखा जाना है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ धवन के साथ राहुल ने की पारी की शुरुआत

हरारे। जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में भारत की बल्लेबाजी शुरू हो चुकी है। शिखर धवन के साथ कप्तान केएल राहुल ने पारी की शुरुआत की है। पहले ओवर में भारत ने बिना किसी नुकसान आठ रन बना लिए हैं। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। कप्तान राहुल ने टीम में दो बदलाव किए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की जगह दीपक चाहर और आवेश खान को मौका दिया गया है।

भारतीय टीम: शिखर धवन, केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, कुलदीप यादव, आवेश खान।

जिम्बाब्वे की टीम: इनोसेंट काइया, तकुद्जवानाशे काइटानो, टोनी मुनयोंगा, रेजिस चकबवा (कप्तान और विकेटकीपर), सिकंदर रजा, सीन विलियम्स, रेयान बर्ल, ल्यूक जोंगवे, ब्रैड इवांस, विक्टर न्याउची, रिचर्ड नगारवा।

अगले साल 28 सितंबर को रिलीज होगी प्रभास की फिल्म सालार

दक्षिण भारतीय अभिनेता प्रभास अपनी फिल्म सालार को लेकर काफी समय से चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म को पैन इंडिया लेवल पर बनाया जा रहा है। केजीएफ चैप्टर 1 और केजीएफ चैप्टर 2 जैसी धमाकेदार फिल्म देने वाले फिल्ममेकर प्रशांत नील इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है। प्रभास की यह एक्शन फिल्म अगले साल 28 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

फिल्म सालार के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इस संबंध में जानकारी दी गई है। फिल्म के ट्विटर पोस्ट में लिखा गया, 28 सितंबर, 2023 को सालार दुनियाभर में रिलीज होगी। मेकर्स ने स्वतंत्रता दिवस के खास अवसर पर एक पोस्टर जारी करते हुए फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। इस पोस्टर में प्रभास गंभीर मुद्रा में नजर आए हैं। उनके लुक को देखते हुए लग रहा है कि फिल्म में एक्शन का भरपूर डोज होगा।

बॉक्स ऑफिस पर सालार का महामुकाबला दिग्गज अभिनेता ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर से होगा। फाइटर भी 28 सितंबर को ही सिनेमाघरों में आएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि इन दोनों फिल्मों में कौन-सी फिल्म बढ़त हासिल करती है। सालार में ऋतिक के साथ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी नजर आने वाली हैं।

कृति सैनन अपने स्वयंवर में देवरकोंडा, कार्तिक आर्यन, रयान गोसलिंग चाहती हैं

विजय देवरकोंडा से लेकर कार्तिक आर्यन, आदित्य रॉय कपूर और यहां तक कि रयान गोसलिंग तक, बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन चाहती हैं कि वे उनके स्वयंवर में हों। एक बातचीत में कृति ने अपने लिए स्वयंवर आयोजित करने में अपनी रुचि के बारे में बात की और यह भी साझा किया कि सभी को इसका हिस्सा बनना चाहिए। कृति ने कहा, विजय देवरकोंडा काफी अच्छा दिखते हैं और वह मुझे समझदार भी लगते हैं। मैंने उनके कुछ साक्षात्कार भी देखे हैं और वह बहुत वास्तविक और समझदार लगते हैं। वह स्वयंवर में हो सकते हैं। कार्तिक आर्यन इसमें हो सकता है और आदित्य रॉय कपूर भी। क्या कोई और है जो सिंगल है?अभिनेत्री ने कहा, मैं रयान गोसलिंग के साथ काम करना पसंद करूंगी और मैं यह भी चाहूंगी कि वह मेरे स्वयंवर में हों।

आज का राशिफल

मेष : आज आपका मन नए-नए कामों में लगेगा। दोस्तों के साथ मिलकर आप कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। फिजूलखर्ची पर कंट्रोल रखें अन्यथा भविष्य में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। अचानक आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

वृष : आज आपकी आज आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। बिजनेस करने वाले लोगों को मिलाजुला फल मिलेगा। आपके सामने कई चुनौतियां उत्पन्न हो सकती है जिसका सामना करने के लिए आप तैयार रहें।

मिथुन : आज आपका आज का दिन बहुत शुभ रहेगा। आपको अपनी किस्मत का भरपूर सहयोग मिलने वाला है। पुराने रुके हुए काम पूरे होंगे। आपको अपनी मेहनत का मन मुताबिक फायदा मिल सकता है।

कर्क : आज आपका आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण नजर आ रहा है। आप जिस क्षेत्र में कोशिश करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आपकी किसी बड़ी योजना का अच्छा फायदा मिल सकता है। भविष्य के लिए धन इकट्ठा करने में आप सफल रहेंगे।

सिंह : आज आपका आज का दिन फायदेमंद साबित होगा। रुके हुए कामों में गति आएगी। आप अपने विरोधियों को परास्त करेंगे। अचानक अपनों से कोई खुशखबरी मिल सकती है। पैसा कमाने के कई मार्ग हासिल होंगे।

कन्या : आज आपका आज का दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। किसी पुरानी बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। अचानक किसी महत्वपूर्ण मामले में फैसला लेना पड़ेगा।

तुला : आज आपका आज का दिन बेहतरीन रहेगा सामाजिक क्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बेरोजगार लोगों को अच्छी नौकरी मिल सकती है। आपकी सोच सकारात्मक रहेगी।

वृश्चिक : आज आपको रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग नजर आ रहे हैं। कार्यालय में आपके कार्यों की सराहना होगी। अचानक लाभ मिलने के योग हैं। आप अपनी मधुर वाणी से लोगों को प्रभावित करेंगे। भाग्य प्रबल रहेगा।

धनु : आज का दिन मौज मस्ती भरा व्यतीत होने वाला है। सामाजिक मेलजोल से आपको खुशी और सुकून मिलेगा। कामकाज में अच्छे नतीजे हासिल होंगे। नौकरी के क्षेत्र का माहौल आपके पक्ष में रहने वाला है।

मकर : आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है। व्यापार के सिलसिले में लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन आमदनी में हुई बढ़ोतरी इसको संतुलित कर देगी।

कुंभ : आज सकारात्मक बने रहना होगा। आपके मन में कोई पुरानी बात चिंता का कारण बन सकती है। आप कहीं पैसा निवेश कर सकते हैं। घर के बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से आपको अपने किसी जरूरी काम में सफलता हासिल होगी।

मीन : आज का दिन अति उत्तम रहेगा। लाभ के कई अवसर हाथ लग सकते हैं। आर्थिक स्थिति में जबरदस्त सुधार आएगा। खर्चों में कमी आएगी। बच्चों की तरफ से टेंशन कम होगी।

ब्रेकफास्ट के लिए बनाएं 'चाइनीज टोस्ट'

नाश्ता दिन का सबसे जरूरी मील होता है और इसका हेल्दी होना भी जरूरी है, तो ऐसे में आज हम एक ऐसी डिश जानेंगे, जिसे सुबह बनाना है आसान और खाने में भी है मजेदार।

सामग्री :

स्टफिंग के लिए- 2 उबले आलू, 1/2 गाजर (कद्दूकस की हुई), 2-2 टेबलस्पून पत्तागोभी, प्याज़ और शिमला मिर्च (तीनों बारीक़ कटे हुए), 1/2 टीस्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1/2 टीस्पून जीरा पाउडर, 1/2 टीस्पून धनिया पाउडर, 1/4-1/4 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला पाउडर, नमक स्वादानुसार, 2 टेबलस्पून ब्रेड का चूरा

अन्य सामग्री- 3-4 टेबलस्पून सफ़ेद तिल, 2 टेबलस्पून तेल, ब्रेड की 10 स्लाइस, थोड़ा सा हरा धनिया (कटा हुआ)

विधि :

स्टफिंग बनाने के लिए

- भरावन तैयार करने के लिए सारी सब्ज़ियों, अदरक-लहसुन का पेस्ट, मसाला पाउडर, चाट मसाला, ब्रेड का चूरा और नमक को अच्छी तरह मिक्स कर लें।
- ब्रेड को तिकोने आकार में काट लेना है।
- ब्रेड के एक हिस्से पर स्टफिंग रखें।
- ऊपर से तिल के बीज डालकर हल्के से प्रेस करें जिससे ये स्टफिंग पर अच्छी तरह चिपक जाएं।
- पैन में तेल लगाकर टोस्ट को दोनों ओर से सुनहरा होने तक सेंक लें।
- टमैटो या ग्रीन चिली सॉस के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 171

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 170 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू- 171

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.170 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6